**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,**
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 35 /02/कम्प्यू0अनु0(बारह)2017-2020/22-परीक्षा/2016**

लखनऊ : दिनांक : 17 नवम्बर, 2020

## आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-22-परीक्षा/2016, सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2016 (II) के अंतर्गत विज्ञापित विभिन्न विभागों में कुल रिक्त 641 पदों पर चयन हेतु सम्पन्न लिखित परीक्षा के आधार पर साक्षात्कार हेतु अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों के परिणाम से संबन्धित सूचना संख्या-30/02/कम्प्यू0अनु0(बारह)2017-2020/22-परीक्षा/2016, दिनांक 13-10-2020 का संदर्भ ग्रहण करें।

आयोग की उक्त सूचना दिनांक-13-10-2020 के क्रम में साक्षात्कार हेतु अर्ह पाये गये समस्त 2226 अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उनका साक्षात्कार **दिनांक 01-12-2020 से 24-12-2020** तक **उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, पिकप भवन, तृतीय तल, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ** स्थित कार्यालय में निम्नलिखित सारणी में दिये गये कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया जायेगा-

| साक्षात्कार कार्यक्रम | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र. सं. | तिथि | प्रथम पाली में रिपोर्टिंग का समय | प्रथम पाली में अभ्यर्थियों की संख्या | द्वितीय पाली में रिपोर्टिंग का समय | द्वितीय पाली में अभ्यर्थियों की संख्या | अभ्यर्थियों की कुल संख्या |
| 1 | 01-12-2020 | 10:00 AM | 60 | 01:00 PM | 60 | 120 |
| 2 | 02-12-2020 | 10:00 AM | 60 | 01:00 PM | 60 | 120 |
| 3 | 03-12-2020 | 10:00 AM | 60 | 01:00 PM | 60 | 120 |
| 4 | 04-12-2020 | 10:00 AM | 60 | 01:00 PM | 60 | 120 |
| 5 | 05-12-2020 | 10:00 AM | 60 | 01:00 PM | 60 | 120 |
| 6 | 07-12-2020 | 10:00 AM | 60 | 01:00 PM | 60 | 120 |
| 7 | 08-12-2020 | 10:00 AM | 60 | 01:00 PM | 60 | 120 |
| 8 | 09-12-2020 | 10:00 AM | 60 | 01:00 PM | 60 | 120 |
| 9 | 10-12-2020 | 10:00 AM | 60 | 01:00 PM | 60 | 120 |
| 10 | 11-12-2020 | 10:00 AM | 60 | 01:00 PM | 60 | 120 |
| 11 | 14-12-2020 | 10:00 AM | 60 | 01:00 PM | 60 | 120 |
| 12 | 15-12-2020 | 10:00 AM | 60 | 01:00 PM | 60 | 120 |
| 13 | 16-12-2020 | 10:00 AM | 60 | 01:00 PM | 60 | 120 |
| 14 | 17-12-2020 | 10:00 AM | 60 | 01:00 PM | 60 | 120 |
| 15 | 18-12-2020 | 10:00 AM | 60 | 01:00 PM | 60 | 120 |
| 16 | 21-12-2020 | 10:00 AM | 60 | 01:00 PM | 60 | 120 |
| 17 | 22-12-2020 | 10:00 AM | 60 | 01:00 PM | 60 | 120 |
| 18 | 23-12-2020 | 10:00 AM | 60 | 01:00 PM | 60 | 120 |
| 19 | 24-12-2020 | 10:00 AM | 66 | 01:00 PM | - | 66 |
| कुल | | | | | | **2226** |

3- प्रश्नगत साक्षात्कार से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि उनके साक्षात्कार पत्र व अन्य 05 प्रपत्र आयोग की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गये हैं। संबन्धित अभ्यर्थी साक्षात्कार-पत्र व अन्य 05 प्रपत्र डाउनलोड करने हेतु पहले अपनी श्रेणी यथा- अनारक्षित, अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के अनुसार क्रमश: रु० 60, 60, 20 तथा 20 (अनारक्षित व ओ०बी०सी०-60 रू० तथा एस०सी० व एस०टी०-20 रू०) ऑनलाइन साक्षात्कार शुल्क जमा करें। साक्षात्कार शुल्क जमा करने के उपरान्त ही अभ्यर्थी अपना साक्षात्कार-पत्र व

अन्य 05 प्रपत्र डाउनलोड कर सकेगा। साक्षात्कार शुल्क जमा करने के लिए अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के Homepage पर उपलब्ध **Examination/Interview Segment** के अंतर्गत **Download Interview Letter** पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर, जन्मतिथि व जेन्डर भर कर **Download Interview Letter** क्लिक करेगा, तदनुक्रम में अभ्यर्थी Application Fee Payment Module में वांछित प्रविष्टियां अंकित कर आगे की प्रक्रिया पूर्ण करेगा।

4- साक्षात्कार से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि उनके शैक्षिक अभिलेखादि का परीक्षण नहीं हुआ है। साक्षात्कार के समय गहनता से सभी मूल अभिलेखादि का परीक्षण किया जायेगा। अतः साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने वाले समस्त अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक व अन्य अभिलेखादि की मूल प्रतियों एवं छायाप्रतियों के साथ ही साक्षात्कार पत्र के साथ डाउनलोड किये गये अन्य 05 प्रपत्रों को प्रिन्ट कर व भरकर, निर्धारित तिथि व समय पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

5- साक्षात्कार के समय अभ्यर्थियों द्वारा विज्ञापित पदों के संबन्ध में विभागों के आवंटन हेतु साक्षात्कार-पत्र के साथ डाउनलोड किये गये वरीयता प्रपत्र को भरकर जमा करना होगा, आयोग द्वारा अभ्यर्थियों की मेरिट व वरीयता को देखते हुए विभाग आवंटन के संबन्ध में निर्णय लिया जाएगा, जो अभ्यर्थी को स्वीकार्य होगा। उक्त के अतिरिक्त साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी अपने साथ सूचना के साथ संलग्न स्वघोषणा पत्रक भरकर अनिवार्य रूप से लाना सुनिश्चित करें।

6- अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वह साक्षात्कार के लिए निर्धारित तिथि, समय एवं पाली पर साक्षात्कार हेतु आयोग कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। यदि कोई अभ्यर्थी कोविड-19 प्रोटोकॉल के दृष्टिगत निर्धारित तिथि पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित नहीं हो पा रहा है अथवा अभ्यर्थी कोविड-19 पॉजिटिव है, तो वह अपना प्रार्थना पत्र साक्ष्य/कारण को संलग्न करते हुए आयोग के ई-मेल upsssc2014@gmail.com पर भेज सकता है और ऐसे अभ्यर्थियों का साक्षात्कार दिनांक 24-12-2020 को अपराह्न 01 बजे आहूत किया जाएगा , जिसके लिए कोई पृथक से सूचना नहीं दी जाएगी। अतः ऐसे अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे उनके साक्षात्कार हेतु निर्धारित तिथि 24-12-2020 को अपराह्न 01 बजे प्रत्येक दशा में आयोग कार्यालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

संलग्नक- यथोपरि।

17.11.2020

(आशुतोष मोहन अग्निहोत्री)

सचिव।

**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,लखनऊ।**
विज्ञापन संख्या–22–परीक्षा/2016
सम्मिलित अवर अधीनस्थ सेवा (सामान्य चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा, 2016 (II)

**स्व घोषणा पत्र**

अनुक्रमांक– ..............................................

साक्षात्कार तिथि– ....................................

01– मैंने अपने मोबाइल में आरोग्य सेतु एप्प डाउनलोड/अपडेट किया है।

02– मेरे द्वारा आरोग्य सेतु एप्प में सही–सही विवरण के साथ स्व मूल्यांकन किया गया है तथा आरोग्य सेतु एप्प के अनुसार मैं सुरक्षित/लो रिस्क/हाई रिस्क* की श्रेणी में हूँ।

03– मैं मास्क, हैण्ड सेनेटाइजर का प्रयोग कर रहा हूँ और मेरे पास पानी की बोतल है।

04– मैं खांसी, बुखार, सांस लेने में दिक्कत, गंध या स्वाद की हानि जैसे लक्षण का अनुभव नहीं कर रहा हूँ।

05– मैं आयोग परिसर/कार्यालय में अनावश्यक विचरण नहीं करूँगा और न ही यत्र–तत्र थूकूँगा।

अभ्यर्थी के हस्ताक्षर................................

पंजीकरण संख्या......................................

*जो लागू न हो, उसे काट दिया जाए।

प्रभारी, कोविड हेल्प डेस्क द्वारा भरा जाए–

01– परीक्षण की तिथि ................................... व समय ...........................

02– अभ्यर्थी के शरीर का तापमान– .........................

03– अभ्यर्थी का ऑक्सीजन स्तर– .......................

हस्ताक्षर.......................................................

नाम प्रभारी ..................................................

**प्रभारी, कोविड हेल्प डेस्क**

टेबल सं0

| |
|---|
| |